महाचिंगटः गभीर सागर महाचिंगट *प्यूरुलस सिवेल्ली* का अवतरण वर्ष 2004 के 225 टन से वर्ष 2005 में 29 टन तक गिर गया और वर्ष 2006 में फिर से बढ गया। स्लिप्पर महाचिंगट *थेन्नस ऑरिएन्टालिस* की पकड ने पिछले वर्ष की पकड से 23% तक की कमी दिखायी। उत्तर केरल तट में स्थित तिक्कोडी, धर्मडम और मट्टम में महाचिंगट अवतरण प्रमुखतः तलीय गिलजालों द्वारा हुआ था। मात्स्यिकी में *पी. होमारस* प्रमुख थी, जिसका विदोहन अधिकतः जीवितावस्था में किया गया और निर्यात के लिए चेन्नई भेज दिया गया। 200-350 ग्रा के महाचिंगटों को प्रति कि ग्रा 800/- रु का मूल्य प्राप्त हुआ। अधिकतर 41-119 मि मी आकार के अप्रौढ मादाएं थीं।

कर्कटः अवतरण पिछले वर्ष की तुलना में 43% तक कम था। कोचीन के कर्कट अवतरणों में *कैरिब्डिस फेरियाटस* (57%) और कालिकट में *पी. सांगिनोलेन्टस* (78%) प्रमुख थी। *सी. फेरियाटस* की मात्स्यिकी ने वर्ष 2006 के दौरान प्रगति प्राप्त की। तोम्सन और बेल पूर्वानुमान प्राप्ति ने यह सूचित किया कि *सी. फेरियाटस* का विदोहन बढाया जा सकता है जब कि *पी. पेलाजिकस* पर किये जाने वाला मत्स्यन दबाव कम करना चाहिए।

मोलस्क संपदाएं

इस अवधि के दौरान औसत शीर्षपाद अवतरण 28033 टन था। बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2006 के दौरान केरल में शीर्षपाद पकड 26% तक बढ गयी थी। शीर्षपाद अवतरणों में 52% कटल फिश का योगदान था और अन्य थी स्क्विड्स (37%) और अष्टपाद (1%)। शीर्षपाद पकड में 90% आनायकों का योगदान था और शेष पकड काँटा डोरियों द्वारा प्राप्त हुई। *सेपिया फारोनिस*, *एस. एक्युलेटा* और *सेपियेल्ला इनेरमिस* (कटलफिश), *लोलिगो डुओसेल्ली*, *डोरीट्यूथिस सिबोगे* (स्क्विड्स), *ओक्टोपस मेम्ब्रानेसियस*, *ओ. डोलफ्यूसी*, *सिस्टोपस इन्डिकस* को मात्स्यिकी में देखी गयी। जून और अगस्त से अक्तूबर तक की अवधि मात्स्यकी का श्रृंगकाल था। मानसूनोन्तर अवधि के दौरान अंडजनकों का जमाव देखा गया। विषि़ंजम में शीर्षपाद मत्स्यन के लिए मछली संचयन उपाय एककों का व्यापक उपयोग किया गया। विदोहन दरों ने सूचित किया कि शीर्षपादों की पकड और भी बढायी जा सकती है।

मात्स्यिकी में देखे जाने वाले शीर्षपादों के जीवन चक्र से संबंधित प्राचलें और आकार के आधार पर तीन जातियों के न्यूनतम वैध आकार निर्धारित करके एम पी ई डी ए को सिफारिश किया गया।

जातियाँ	प्रावार लंबाई (मि मी)	जीवित अवस्था में कुल भार (ग्रा)
एल. डुओसेली	80	25
एस. फारोनिस	115	150
ओ. मेम्ब्रानेसियस	45	15

द्विकपाटी संपदाओं में हरित शंबु *पेरना विरिडिस* की 90% उपस्थिति देखी गयी। शेष अवतरण सीपियों (*मेरिट्रिक्स कास्टा*, *विल्लोरिटा साइप्रिनोइड्स*) (9%) और खाद्य शुक्ति *क्रास्सोस्ट्रिया माड्रासेनसिस* का सम्मिश्रण था। मात्स्यिकी में 67 मि मी के माध्य आकार के साथ

प्लेट-1. मलबार तट में इनबोर्ड वलय संपाशक

प्लेट-2. आउटबोर्ड वलयसंपाश एकक

प्लेट-3. मलबार तट में आउट बोड गिल जाल एककों का प्रचालन

प्लेट-4. नीण्डकरा मत्स्यन पोताश्रय के एक आनायक में चिंगट की भारी पकड

प्लेट-6. कोचीन में फीतामीन का भारी अवतरण

पेरना विरिडिस का आकार रैंच 16-97 मि मी था। मानसूनोत्तर महीनों के दौरान प्रौढ और अंडरिक्त मादाएं उपस्थित थीं।

समाज-आर्थिक और व्यवहारात्मक अध्ययन

यंत्रीकृत, मोटोरीकृत और परंपरागत सेक्टरों में एक सकारात्मक व्यावहारिक परिवर्तन को लक्ष्य करके राज्य के संबंधित अभिकरणों के सहयोग से संपदा संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान करना अनिवार्य है। कम प्रथम विक्रय मूल्य, संपदा का अवक्षय और ईंधन का उच्च मूल्य मछुआरों और पोत मालिकों द्वारा झेलनी पडी प्रमुख कठिनाइयाँ थीं।

प्रबन्धन विकल्प

खुले समुद्र से उपभोक्ता अधिकार की ओर

खुले-पहुँच से उपभोक्ता अधिकार में परिवर्तन राज्य के समुद्री मात्स्यिकी का एक स्वतंत्र एवं विवृत - पहुँच प्रणाली है और तदनुसार इसमें विभिन्न सेक्टरों के बीच कटु प्रतियोगिता, कई प्रकार के विकल मत्स्यन व्यवहार और संभारों का प्रयोग होता रहता है जो समुद्री मात्स्यिकी उप्तादन को प्रवाहहीन बना देता है। यंत्रीकृत पोतों के साथ प्रतियोगिता करने में असमर्थ परंपरागत मछुआरों के हितों का भी परवाह करने द्वारा उनकी समाज-आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण बात है। वहनीयातीत होकर बढते जानेवाले मत्स्यन प्रयास

नियंत्रित या संयमित करने के लिए निम्नलिखित मदों का सिफारिश किया जाता है।

- सभी मोटोरीकृत और यंत्रीकृत नावों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग
- हर पाँच वर्षों में रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग की समीक्षा
- रजिस्ट्रेशन और लाइसेंसिंग शुल्क बढाना और नए प्रवेशों पर रोक डालने के लिए लंगर प्रभार डालना

मत्स्यन प्रयास और क्षमता में घटाव

मत्स्यन प्रयास कम करके मात्स्यिकी विनिमयन करने के प्रथा जो आज काफी प्रचलित है, प्रमुखतः आनाय मात्स्यिकी पर लक्षित है। हाल के सालों में मोटोरीकृत सेक्टर में, विशेषतः वलयसंपाश मात्स्यिकी और छोटी आनाय मात्स्यिकी में विदोहित प्रभवों की निरन्तरता पर अनिश्चितता उत्पन्न करते हुए विचारणीय वृद्धि हुई है। कुछ वलय संपाशों को मत्स्यन क्षेत्र विस्तृत करने एवं पकड क्षमता बढाने लायक रूप में संशोधित भी किया गया। इसी प्रकार यंत्रीकृत सेक्टर में बहुदिवसीय मत्स्यन द्वारा मत्स्यन का समय बढाने, मछलियों को ढूँढ निकालने एवं मत्स्यन आसान करने की रीतियों का प्रयोग मत्स्यन दक्षता में प्रगति लायी। इसके आगे निम्नलिखित सुझाव दिए जाते हैं।

- नावों की, विशेषतः केरल में प्रचालित बडे आकार के वलय संपाशों की लंबाई और अश्वशक्ति में ऊपरी सीमाएं लागू करके आकार और शक्ति नियत करना।
- तट से अनुपस्थिति की ऊपरी सीमा नियत करके सभी राज्यों में बहुदिवसीय मत्स्यन में नियंत्रण लागू करना
- नई नावों की लाइसेंसिंग में नियंत्रण के साथ मत्स्यन प्रयास और बढने से रोकना।

बंद मौसम/बंद क्षेत्र/समुद्री संरक्षित क्षेत्र

विदोहित प्रभवों से निरन्तर प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए मत्स्यन प्रयास घटाने लायक मात्स्यिकी विनियमन और प्रभवों के पुनः निर्माण और परिस्थिति की पुनर्युवन के लिए कुछ निर्धारित अवधि तक मात्स्यिकी बंद करना अनिवार्य है। केरल के तट में मानसून के दौरान कुछ दिनों के लिए मत्स्यन में रोक अंडजनन प्रभवों को यंत्रीकृत मत्स्यन नावों द्वारा संग्रहण से बचाकर प्राकृतिक प्रभवों की पुनः पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सिफारिश किया जाता है जो मछलियों की आयु बढने, आकार बढने और पुनरुत्पादन में वृद्धि लाने में सहायक होता है। सिफारिश किए जाने वाले उपाय हैं:

- 15 जून से 31 जुलाई तक बंद मत्स्यन मौसम का अधिदेश
- बंद मौसम के दौरान केवल बिनमोटोरीकृत और कम अश्वशक्ति के मोटोरीकृत (10 अ.श.तक की) नावों के लिए प्रचालन अनुमति देना
- उपयुक्त प्रदेशों को पहचान के समुद्री संरक्षित क्षेत्र और मत्स्यन-रोक मेखला के रूप में घोषित करना।

किशोर मछलियों के विनाश के आगे जलाक्षि आकार विनियमन और नियंत्रण

आनाय, बैग जाल आदि संभारों की सूक्ष्म जालाक्षियाँ कई वाणिज्यिक प्रमुख मछलियों के किशोरों को बडी मात्रा में नाश करती है। तटीय जल क्षेत्रों में चिंगट संतानों के लिए किये जानेवाला मत्स्यन वाणिज्यिक प्रमुख पख एवं कवच मछलियों के डिम्भक सहित मूल्यवान इक्थियोप्लांक्टन के लिए हानिकारक होता है जो बढती के पहले अतिमत्स्यन और तद्वारा मात्स्यिकी में घटती के लिए कारण बन जाता है। मछली एवं चिंगट प्रभवों की निरन्तरता की दृष्टि में आनाय जाल के लिए सिफारिश किया गया न्यूनतम कॉड एन्ड जलाक्षि आकार 35 मि मी है। महाचिंगटों की मामले में संपदा का वहनीय विदोहन सुनिश्चित करने की दृष्टि में महाचिंगटों की चार जातियों के संग्रहण के लिए नियत किया गया न्यूनतम वैध आकार का पालन करना अनिवार्य है। आनायकों और गिल जालों में छोटी सुरमई मछलियों का अवतरण अक्सर हो जाता है। इस संदर्भ में मछुआरों और मछली व्यापारियों को छोटी मछलियाँ बढने तक समय देने के संबंध में जानकारी जताना आवश्यक है। सुरमई मछलियों के लिए प्रचालित करने वाले गिल जालों का जलाक्षि आकार 152 मि मी में नियत करने पर भी 90-100 मि मी जलाक्षी के गिल जालों का अधिकतर प्रयोग किया जाता है जो अचयनात्मक मत्स्यन और अधिकमात्रा में किशोर अवतरणों का कारण बन जाता है। इसलिए *एस. कर्मेसन* किशोरों की बढती और मात्स्यिकी में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए पकड का न्यूनतम वैध आकार 75 से मी सिफारिश किया जाता है ताकि 70 से मी आकार की मछलियाँ अंडजनन करके प्रभव की वृद्धि की जा सके। सभी संभारों द्वारा किशोरों के मत्स्यन पर निम्नलिखित उपायों का पालन करना चाहिए।

- किशोर मछलियों के अवतरण और विपणन पर पूर्णतया रोक लगाना
- महाचिंगट, सुरमई जैसे उच्च मूल्य की मछलियों के लिए न्यूनतम निर्यात आकार नियत करना
- जानकारी जताना

पोतों का संशोधन और विशेष संपदाओं को लक्ष्यांकित करना

अभितटीय जलक्षेत्रों के मत्स्यन दबाव कम करने के लिए उपलब्ध पोतों को सागरीय एवं गभीर जलक्षेत्रों में ट्यूना, बिल मछली, वेलापवर्ती, सुरा और महासागरीय स्क्विड जैसे कम विदोहित संपदाओं के संग्रहण के लिए अनुकूल बहु-उद्देशीय पोतों के रूप में बदला जा सकता है। निम्नलिखित विकल्पों का सिफारिश किया जाता है:

- बडी जलाक्षि के गिल जाल, स्क्विड जिग्गिंग और काँटा डोरियों द्वारा सकारात्मक मत्स्यन में विविधीकरण
- संपदा अनुकूल नाव और संभार द्वारा ट्यूना संपदाओं का गभीर मत्स्यन प्रोत्साहित करना

सहभागी प्रबन्धन और संरक्षण आधारित विस्तार सेवाओं का प्रबलीकरण

मात्स्यिकी से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने में इनके कार्यान्वयन में लगे प्रमुख पणधारियों को भी शामिल किए जाए तो मात्स्यिकी का प्रबन्धन और भी सार्थक बनाया जा सकता है। मछुए सहकारी संघों की स्थापना करके उनके द्वारा संग्रहण की जानेवाली संपदाओं के संरक्षण का उत्तरदायित्व उनमें निहित किया जा सकता है। उनको वैज्ञानिक समुदाय द्वारा निरन्तर संपर्क से मछली प्रभवों की निरन्तरता के लिए जैविक और पर्यावरणीय आधारों पर जानकारी देना अनिवार्य है। इस प्रकार की अन्योन्य प्रतिक्रियाएं प्रबन्धन उपायों/विकल्पों के कार्यान्वयन को आसान और प्रभावी बना दी जाएगी। मछली प्रभवों के संरक्षण से प्राप्त गुणों के बारे में जानकारी आज कम है जिसको केंन्द्रीय और राज्य मात्स्यिकी संस्थानों/अभिकरणों के सहभागी विस्तार सेवाओं द्वारा और भी प्रबल बनाना चाहिए।

प्रबन्धन सूचना प्रणाली का प्रबलीकरण

आज यह अच्छी तरह पहचाना गया तथ्य है कि जानकारी आधारित मात्स्यिकी प्रबन्धन के लिए संपदाओं का विश्वसनीय एवं पर्याप्त आंकडे और मात्स्यिकी की आर्थिकता के साथ इनकी गतिकी पर जानकारी प्राथमिक आवश्यकता है। सी एम एफ आर आइ जैसे संस्थानों द्वारा उपलब्ध किये गये वैज्ञानिक डाटा अभिग्रहण क्रियाविधि को मत्स्यन पोत प्रचालकों की प्रभावी सहभागिता और सहयोग के साथ प्रभावी मत्स्यन डाटा प्रतिसंभरण प्रणाली से अद्यतन बनाया जा सकता है। राज्य को मात्स्यिकी की गतिकी एवं उनके विदोहन विनियमित करने के लिए उपयुक्त समुद्री मछली अवतरणों और मत्स्यन प्रयास पर विश्वसनीय आंकडा उपलब्ध होने लायक क्रियाविधियाँ विकसित करनी चाहिए। सभी यंत्रीकृत पोतों विशेषतः आनायकों और बड़े वलय संपाशों को मत्स्यन प्रयास और पकड संबंधी आंकडा मात्स्यिकी विभाग को देने के लिए निर्देश दिया जाना चाहिए।

बैसिलस लाइकेनिफोरमिस एम टी सी सी 6824 से एक क्षारीय लाइपेस द्वारा तारली से बहुअसंतृप्त वसा अम्ल साद्रों की तैयारी

काजल चक्रबोर्ती और आर. पॉल राज
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

एन 3 और एन 6 अनिवार्य बहुअसंतृप्त वसा अम्लों (पी यू एफ ए) को उच्च शरीरक्रियात्मक और पोषणज प्रभावी माना जाता है। लाइपेसस जैवप्रौद्योगिकी की दृष्टि में मूल्यवान एनज़ाइम है, जो ट्राइग्लिसरॉइडों के कार्बोक्सिल एस्टेर्स के जलापघटन करके वसा अम्लों में परिवर्तित कर देता है। इसको n3 औ n6 बहुअसंतृप्त वसा अम्लों के जैव उपलब्धता बढाने के लिए जंतु खाद्य पूरक के रूप में उपयोग किया जा रहा है। रोगाण्वीय लाइपेसों में *बैसिलस* लाइपेसस प्रमुख वर्ग हैं। वसा एवं तेलों के लाइपेस उपचारित संशोधन का एक विशिष्ट उदाहरण है बहुअसंतृप्त वसा अम्लों का संवर्धन। लाइपेसस ओलिफिनिक द्वि आबंधों की संख्या पर या गिलसरिल मोइटि में ऐसिल पार्श्व श्रृंखला का स्थान और द्वि आबंधों की स्थिति पर आधारित करके, विभिन्न बहुअसंतृप्त वसा अम्लों के बीच विवेचक योग्यता प्रदर्शित करती है। एनज़ाइमाटिक प्रतिक्रियाओं में उपयोग किए जाने वाले लाइपेस की मृदु अवस्थाएं और अनन्य अधःस्तर ऑक्सीकरण और ज्योमितीय समावयवीकरण दूर करने का एक होनहार रूपांतरक है। मत्स्य तेलों में ई पी ए, डी एच ए और अन्य असंतृप्त और तृप्त

वसा अम्लों के मिश्र शामिल होने के कारण संशोधित बहुअसंतृप्त वसा अम्ल साद्रों को प्राप्त करना अनिवार्य है। यह रिपोर्ट *बैसिलस लाइकेनिफोरमिस* एम टी सी सी 6824 लाइपेस द्वारा एकपद जलापघटन से तारली में उपलब्ध ई पी ए और ए ए के संवर्धन तरीका पर और यूरिया प्रभाजन द्वारा वसा अम्लों के सांद्रीकरण पर प्रकाश डालता है।

बैसिलस लाइकेनिफोरमिस एम टी सी सी 6824 द्वारा उत्पादित लाइपेस को अमोणियम सल्फेट (70%) और इथनॉल / ईथर (1 : 1) द्वारा समांगता में वर्णलेखी तौर पर शोधन किया गया और इसके बाद ट्रिस - एच सी एल बफर (PH 8.0) के उपयोग करके ऋणायन विनिमय (anion exchange) और जेल एक्सक्लूशन किया गया। शोधित लाइपेस को $\Delta 5$ - बहुअसंतृप्त वसा अम्ल, यानी तारली तेल में उपस्थित अराकिडोनिक अम्ल (ए ए) और आइकोसापेन्टेनाइक अम्ल (ई पी ए) को जल अपघटन प्रतिक्रिया द्वारा समृद्ध कराने की उत्प्रेरक दक्षता के मूल्यांकन के लिए प्रयोग किया गया। तारली तेल को N_2 के अक्रिय वातावरण के अधीन शोधित लाइपेस से जलापघटित किया गया। हेक्सेन के साथ निचोड द्वारा ग्लाइसिरोडों की पुनः प्राप्ति की गयी। n-हेक्सेन/डाइईथाइल ईथर (90/10, v/v) को निक्षालक के रूप में उपयोग करके अलूमिना कॉलम वर्णलेखन द्वारा हेक्सेन अवशिष्ट शुद्ध ट्राइग्लिसेरिड्स प्राप्त किया गया। मुक्त वसा अम्लों को विभिन्न तापमान पर (4°C) और यूरिया / वसा अम्ल अनुपात 4:1 पर यूरिया प्रभाजन द्वारा और सांद्रीकृत किया गया। मुक्त वसा अम्लों को गैस लिक्विड वर्णलेखन (जी एल सी) और गैस वर्णलेखन - द्रव्यमान स्पेक्ट्रोस्कोपिक (जी सी / एम एस) विश्लेषण के लिए विपक्ष ऐस्टरीकरण द्वारा उनके मीथाइल एस्टेर्स में अवकलित किया गया।

लाइपेस को 48h *बैसिलस लाइकेनिफोरमिस* एम टी सी सी 6824 संवर्धन अधिप्लवी से 520.28 LV/mg की विशिष्ट सक्रियता से शोधित किया गया। क्रमशः 45°C और PH 8.0 में लाइपेस ने इष्टतम सक्रियता प्रदर्शित की। 12 घंटे बाद 45°C और 69.3% पर 60 मिनट समय के ऊष्मायन के बाद लगभग 98.6% और 2 घंटे बाद 81.2% अवशिष्ट सक्रियता के साथ पोलिहाइड्रिक आलकोहॉल सोरबिटल को एक प्रभावी स्थायीकारी देखा गया। Ca^{2+} और सोरबिटल से ऊष्मायन केवल 45 मिनट के बाद अति उच्च अवशिष्ट सक्रियता (100%) के साथ लाइपेस की सक्रियता के लिए प्रेरित किया गया, जो मात्र Ca^{2+} से ऊष्मायित करने पर 91.5% थी। अन्य वसा अम्लों की तुलना में एक $\Delta 5$ ऑलिफिनिक ने द्वि बंध की उपस्थिति के कारण एनज़ाइम $\Delta 5$ - बहुअसंतृप्त वसा अम्लों के एस्टर बंधों की ओर जल-अपघटनीय प्रतिरोध प्रदर्शित किया और तारली तेल से ई पी ए और ए ए की साद्रता बढाने में प्रभावी साबित किया। इस वसा अम्ल विशिष्टता के उपयोग करके, लाइपेस - उपचारित जलापघटन और 4°C पर यूरिया प्रभाजन द्वारा तारली तेल से ई पी ए और ए ए का संवर्धन किया गया। शोधित लाइपेस ने 9 घंटे बाद एस एफ ए और एम यू एफ ए (तारली तेल में उनके प्रारंभिक अंतर्वस्तु से 81.5 और 72.3%) के उच्च जलापघटन का उत्पादन किया। संतृप्त और कम असंतृप्त वसा अम्लों के संकुलन के बाद तारली तेल का लाइपेस उत्प्रेरित जलापघटन और मीथनॉल से यूरिया अभिवर्तन से 55.38% ई पी ए और 5.80% ए ए के साथ मुक्त वसा अम्ल प्राप्त हुआ। यूरिया संकुलन के साथ एनज़ाइमाटिक जलापघटन का संयोजन तारली तेल से उच्च सांद्रता के ई पी ए और ए ए प्राप्त करने के लिए एक समुचित तरीका है।

अल्वा फासियाटा ग्रे से नए प्रतिजीवाणुक मिश्र

काजल चक्रबोर्ती, ए.पी. लिप्टन और आर. पॉल राज
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

अंतराज्वारीय एवं गहरे समुद्र में उपस्थित हरित एल्गे नाम से मशहूर क्लोरोफाइटन समुद्री शैवाल बहुत ही बयोएक्टीव मूल्य के होते है। हरित एल्गे से कई प्रकार के प्रतिसूक्ष्म जीवाणु मिश्र जैसे टेरपेन्स, पोलिफिनोलिक और स्टीरोइडों की उपस्थिति पहचान की गयी है। हरित एल्गे *अल्वा फासियाटा* "सी लेट्यूस" नाम से जाननेवाला अल्वेसिए कुल का सदस्य है, जो दक्षिण भारत के समुद्र तट में और एशिया-पसफिक और अरब समुद्र के तटीय प्रदेशों में बढ़ता है। कई रोगजनकों द्वारा प्रतिजैविकों पर तेज़ रोध विकास और यह भी आज प्रयोग में रहे प्रतिजैविकों की आविषालुता के साथ, पुनः स्थापन योग्य स्रोतों से नये प्रतिसूक्ष्मजैविक एजेन्टों के अन्वेषण और विकास के लिए

ज़ोर देता है। यह रिपोर्ट *अल्वा फासियाटा* से टेरपेनोइड्स के निचोड, शोधन और संरचनात्मक व्याख्या पर प्रकाश डालता है।

विषिजम में एक खुले चट्टानी अंतराज्वारीय तट से *अल्वा फासियाटा* का संग्रहण करके इसकी थाली को वायुशुष्क किया गया। इस के वायुशुष्क वायव भागों के डाइक्लोरोमीथनिक निचोड को हेक्सेन/ईथाइल एसटेट के स्टेप ग्रेडियेन्ड के उपयोग करके कोलम वर्णलेखिकी द्वारा विभिन्न मिश्रों की प्राप्ति के लिए विभाजित किया गया। समुद्री जलकृषीय रोगजनक *विब्रियो पराहीमोलिटिकस* और *वी. होरवेई* पर जीवाणुओं की पात्रे सक्रियता जानने के लिए डिस्क विसरण विधि और न्यूनतम निरोधी सांद्रता स्थापित कार्यविधियों के अनुसार परीक्षण किया गया।

न्यूट्रल अलूमिना पर डाइक्लोरोमीथेन - विलेय प्रभाज का वर्णलेखन (क्रोमैटोग्राफी) ईथाइल एस्टेट/हेक्सेन की सांद्रता बढाके परीक्षण करने पर लाबडेन डिटरपेनोइड्स और ग्वानीन सेस्क्विटरपेनोइड्स प्राप्त हुआ। द्वितीयक उपापचय स्पेक्ट्रोस्कोपिक विश्लेषण के ज़रिए विशेषतः द्रव्यमान स्पेक्ट्रोस्कोपी और विस्तृत नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद स्पेक्ट्रोस्कोपी प्रौद्योगिकी, प्रोटोन और कार्बन नाभिकीय चुंबकीय अनुनाद स्पेक्ट्रोस्कोपी सहित, दो विमीय नाभिकीय ओवरहॉसर प्रभाव सहसंबंधी स्पेक्ट्रोस्कोपी, विषमनाभिकीय बहु बॉण्ड संसक्तता प्रौद्योगिकियों सहित स्थापित किया गया। उपापचयों में अभी तक नहीं सूचित असाधारण कार्बन स्केलिटन देखा गया। प्रतिसूक्ष्मजैविक परीक्षण से यह स्पष्ट हुआ कि मिश्र लाब्डा - 14 ene - 3 a, 8a - डयोल और लाब्डा - 14 - ene - 8a - हाइड्रोक्सी - 3 वन *विब्रियो पाराहीमोलाइटिकस* की वृद्धि के लिए न्यूनतम निरोधक सांद्रता (MIC_s) उपयुक्त के क्रमशः 30µg/मि ली और 40µg/मि ली के न्यूनतम निरोधक सांद्रता के साथ निरोधक थे।

यूरिया प्रभाजन और रजत वर्णलेखन द्वारा सारडीन तेल से बहुअसंतृप्त वसा अम्ल संवर्धन

काजल चक्रबोर्ती, ए.पी. लिप्टन और आर. पॉल राज
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

मछली और क्रस्टेशियाइयों को पूर्ववर्ती अणुओं से n_3 और n_6 बहुअसंतृप्त वसा अम्ल (LC - $PUFA_s$) *डी. नोवो* का संश्लेषण करने की शक्ति नहीं है। इन में आइकोसापेन्टेनॉइक अम्ल (ई पी ए), डॉकसैहेक्साइनाइक अम्ल (डी एच ए) और एराकाइडोनिक अम्ल (ए ए) अधिकतर समुद्री पख मछलियों एवं क्रस्टेशियाइयों, विशेषतः डिम्भकीय अंडशावकों के लिए अनिवार्य आहार है। सूक्ष्म एल्गे, पॉलीकीट्स, पख एवं कवच मछलियों आदि कई समुद्री जीवों से बहुअसंतृप्त वसा अम्ल अधिकमात्रा में उपलब्ध है। लेकिन मछली का तेल मिलने में आसान होने के साथ कम लागत का और बहुअसंतृप्त वसा अम्लों से समृद्ध होता है। कच्चा सारडीन तेल में 33.26% बहुअसंतृप्त वसा अम्ल पाया जाता है और यह अध्ययन समुद्री मछलियों और क्रस्टेशियाई अंडशावक और डिम्भकों के आहारों में चरम प्रयोग के लिए PUFA साद्र प्राप्त करने के लिए सारडीन वसा अम्लों के शोधन विधियों पर प्रकाश डालता है। Ag No_3 - अंतर्भरित न्यूटरल अलूमिनिया को स्तब्ध प्रावस्था में उपयोग करके यूरिया - सांद्र के यूरिया प्रभाजन और द्रव कोलम वर्णलेखन द्वारा PUFA साद्र तैयार किया गया। विभिन्न प्रभाजों की शुद्धता और उपलब्धि स्तर का विस्तृत अध्ययन गैस द्रव वर्णलेखन (GLC) और गैस वर्णलेखन - मास स्पेक्ट्रोमेट्री (GC - MS) द्वारा किया गया।

सारडीन तेल से प्राप्त बहुअसंतृप्त वसा अम्ल (50 ग्रा) को साबुनीकृत मुक्त वसा अम्लों के यूरिया - प्रभाजन द्वारा सांद्रित किया गया, जिसके लिए विभिन्न तापमानों (2, 4 और 6°) में मीथनोल का और सांद्र बहुअसंतृप्त अम्लों की उपलब्धि के लिए यूरिया/वसा अम्ल अनुपात (2:1, 3:1 और 4:1) का प्रयोग किया गया। वसा अम्लों को यूरिया और सांद पी यू एफ अम्लों से पृथक करने के लिए n - हेक्सेन के साथ निचोड (3 × 100 मि ली) लिया। सांद्र बहुअसंतृप्त वसा अम्लों के आगे का शोधन रजत न्यूट्रल अलूमिनिया कॉलम वर्णलेखन द्वारा किया गया। वसा अम्लों से मेथिल एस्टेर्स को 5-50% डाइईथेल ईथर / n - हेक्सेन को निक्षालक के रूप में प्रयोग करके किया गया। आइकोसापेन्टेनॉइक अम्ल (ई पी ए) को कॉलम से 50% डाईईथेल ईथर / n - हेक्सेन से चलाते हुए शोधन किया गया। मुक्त वसा अम्लों को उनके मिथेल एस्टेर्स में जी एल सी / जी सी - एम एस विश्लेषण के पहले मिथेलेटिंग मिश्र से प्रतिक्रिया द्वारा ट्रानसेस्ट्रिफाइड किया गया।

यूरिया संकुलन के दौरान अधिकतर संतृप्त और मोनोअसंतृप्त वसा अम्लों को निकाल दिया गया और परिणाम स्वरूप प्रायः उच्च स्तर का पी यू एफ ए (69.22 ± 4.94%) प्राप्त हुआ। ई पी ए की उच्च सांद्रता (शुद्धता 47.78%), यूरिया/वसा अम्ल 4:1 के अनुपात में 4°C के क्रिस्टलन तापमान > 95% की पुनः प्राप्ति के साथ प्राप्त हुई। 2 और 6°C के क्रिस्टलन तापमान और यूरिया वसा के 2:1 और 3:1 के अनुपात में शुद्धता और प्राप्ति कम थी। निक्षालन विलायक के रूप में 50% डाइईथेल ईथर / n हेक्सेन का प्रयोग करके रजत न्यूट्रल अलूमिना क़लम वर्णलेखन उच्च शुद्धता (99.6%) ई पी ए में परिणत हुआ। इस प्रकार वर्तमान अध्ययन यूरिया / वसा अम्ल 4:1 के अनुपात में 4°C के क्रिस्टलन तापमान पर सांद्र पी यू एफ ए प्राप्त करने के लिए एक कार्यविधि विकसित करने के लिए रास्ता खोली।

नकली क्लाउन मछली *ऑम्फिप्रियोन ऑसेल्लीरिस* के लिए जैव संपुष्ट खाद्य

इमेल्डा जोसफ, आर. पॉल राज, के. मधु और रमा मधु
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन

जीवंत प्राकृतिक खाद्य के रूप में हो या, विभिन्न मिश्रितों से निर्मित जलीय खाद्य के रूप में हो, लागत प्रभावी जलीय खाद्यों का विकास, समुद्री अलंकारी जीव-जंतुओं के उत्पादन सहित सभी गहन जलकृषि प्रणालियों का केंद्र बिंदु है। दो प्रयोग आहार (जैव संपुष्ट खाद्य-करोटिन के साथ और बिन) और एक नियंत्रित आहार के उपयोग करके स्फुटनशाला में उत्पादित 90 दिनों के आयु की झूठा क्लाउन मछली *ऑम्फिप्रियोन ऑसेल्लारिस* पर 49 दिनों का अशन परीक्षण चलाया गया। मिश्रित खली और गेहूँ आटा (सोयाबीन चूर्ण : गेहूँ आटा : मूँगफली खली : तिल खली; 4:3:2:1) को जीवाणुज प्रभेद उत्पादन करनेवाला फाइसेट के प्रयोग करके 72 घंटों तक किण्वित किया गया। जैव-संपुष्टीकरण के लिए दलदली मैंग्रोव क्षेत्र से पृथक किए गए *बासिल्लस लिचिफोर्मिस* MTCC 6824 का प्रयोग किया गया। आहार में अपरिष्कृत प्रोटिन और अपरिष्कृत वसा के अंश क्रमशः 42% और 9% थे। यह अशन परीक्षण 45 ली धारिता के बेलनशंक्वावाकर टैंकों में, निरन्तर वातन और मछली को छिपाने के लिए प्रबन्धन के साथ चलाया गया था। प्रत्येक उपचार और नियंत्रक के तीन प्रतिकृति परिक्षण के लिए तैयार करके रखे गए थे। टैंको में 8 घंटे चलने और 16 घंटों तक बंद रहने वाला कृत्रिम प्रकाश स्रोत का प्रबंधन भी किया गया था। प्रति हफ्ते पूरे जल परिवर्तन के साथ पी एच और तापमान जैसे जल प्राचलों का दैनिक निरीक्षण भी किया गया। नियंत्रक आहार एक स्थानीय जल वैज्ञानिक से खरीदा गया वाणिज्यिक आलंकारिक आहार (एयनी, उष्णकटिबंधीय उद्योग द्वारा बनाया गया) था। प्रारंभ में एक पूर्वनिर्धारित मात्रा के खाद्य देकर धीरे धीरे पर्याप्त मात्रा में आहार देने लगा। पाँच-दस मिनटों में दिये गये खाद्य पूर्णतया खा जाने पर अतिरिक्त खाद्य दिया गया। किसी भी खाद्य बाकी पड जाए तो उस खाद्य से खिलाना बंद किया गया और अगले दिवस खाद्य की मात्रा कम किया गया। आवश्यक खाद्य निम्नतम मात्रा में देना इसका लक्ष्य था। करोटिनयुक्त आहार से उपचार करने पर बेहत्तर बढती (3.63 ± 0.3 से मी; 0.63 ± 0.04 ग्रा) देखी गयी और नियंत्रक आहार की अपेक्षा वर्ण धारण (2.64 ± 0.4 से मी; 0.44 ± 0.2 ग्रा) भी अच्छा था जो करोटिन के बिना 2.83 ± 0.1 से मी; 0.35 ± ग्रा) था। अशन परीक्षण के उपचारों के दौरान मृत्युता नहीं हुई थी।

जलीय खाद्यों में मस्त्यचूर्ण प्रतिस्थापियों के रूप में किण्वित कच्ची सामग्रियाँ

प्रयोगशाला स्थितियों के अधीन अशन परीक्षण की परिसमाप्ति के बाद आहारी मत्स्य चूर्ण प्रोटिन का जीवाण्विक (*बासिल्लस कोगुलन्स*) किण्वित सोयाबीन चूर्ण या *पेनिअस मोनोडोन* किशोरों एवं पश्चडिम्भकों से भागिक प्रतिस्थापन सफल देखा गया। 48 घंटे किण्वन के बाद प्राप्त सोयाबीन चूर्ण (एफ एस बी एम) और 36 घंटे बाद जीवाण्विक किण्वित संघटक मिश्रण (बी एफ आइ) में अकिण्वित कच्ची सामग्रियों की तुलना में पोषण मूल्य उच्च था। आहार की गुणता जाँचने के लिए मूल्यांकन खाद्य परिवर्तन दर (एफ सी आर), प्रोटिन दक्षता दर (पी ई आर), दृष्ट प्रोटिन उपभोग (ए एन पी यु %), बढती दर (जी आर %) दृष्ट शुष्क सामग्री पचनीयता और प्रोटिन और लिपिड के दृष्ट पोषक पचनीयता शामिल है।

अशन परीक्षण - I (50 दिवस)

मत्स्यचूर्ण के 20, 40, 60, 80 और 100% को किण्वित सोयाबीन चूर्ण से प्रतिस्थापित करके 35% कच्चा प्रोटिन युक्त पाँच परीक्षणात्मक चिंगट आहारों को सूत्रित किया गया और 25% मत्स्य चूर्ण आधारित आहार को नियंत्रक के रूप में रूपायित किया गया। 20

सरणी-1. 50 दिनों के लिए किण्वित सोयाबीन चूर्ण (एफ एस बी एम) से मत्स्य चूर्ण के विभिन्न स्तरों पर प्रतिस्थापित खाद्य से चिंगट की बढती प्रतिक्रिया और खाद्य उपभोग दक्षता

विषय सूची	आहार और मत्स्य चूर्ण नियंत्रक की प्रतिस्थापन प्रतिशतता					
		20	40	60	80	100
माध्य भार प्राप्ति (ग्रा)	0.77 ± 0.14	0.82 ± 0.23	1.14 ± 0.3	0.62 ± 0.16	0.53 ±0.14	0.46 ±0.06
एस जी आर (% d^{-1})	1.53	1.22	2.12	1.06	0.86	0.73
एफ सी आर	1.75	1.58	1.55	1.89	2.42	2.46
पी इ आर	1.63	1.43	1.44	1.27	1.25	1.15
दृष्ट प्रोटिन पचनीयता	76.48	81.13	81.30	79.20	79.26	74.35
ए एन पी यु	10.43	11.23	17.43	10.77	9.48	8.66
दृष्ट बसा पचनीयता	92.16	94.90	93.80	90.10	87.19	86.32
ए डी एम डी	49.47	53.76	57	56.80	57.695	55.29

SGR-specific growth rate; FCR-Feed Conversion Ratio; PER-Protein Efficiency Ratio; ANPU-Apparent Net Protein Utilization; ADMD-Apparent dry matter digestibility

सरणी 2. *पी. मोनोडोन* के लिए 42 दिनों के लिए जीवाण्विक किण्वित संघटक मिश्र युक्त आहारों के प्रयोग करके किए गए अशन परीक्षण परिणाम

विषय सूची	**सी एफ**	**एफ$_1$**	**एफ$_2$**	**एफ$_3$**	**एफ$_4$**
माध्य भार	0.15	0.19	0.51	0.57	0.63
खाद्य परिवर्तन दर	3.30	3.04	1.75	1.59	1.58
प्रोटिन दक्षता दर	0.78	0.91	1.55	1.68	1.71
दृष्ट प्रोटिन पचनीयता	57.68	72.49	76.90	83.54	86.50
दृष्ट प्रोटिन उपभोग	10.29	12.12	21.17	24.06	25.65
दृष्ट वसा पचनीयता	79.31	85.62	90.23	91.08	94.55

पी पी टी के 35 लीटर जल के निरन्तर वातन प्रबंधित वृत्ताकार प्लास्टिक पात्र में खाद्य का मूल्यांकन किया गया। *पी. मोनोडोन* 0.01 ग्रा ± 0.06 ग्रा के माध्य भार के PL_{30}) पश्चडिम्भकों को कोचीन के एक चिंटग स्फुटनशाला से संग्रहित किया गया था। परीक्षण के दौरान चिंगटों को रोज़ शरीर भार के 12 ग्रा 100^{-1} ग्रा की दर पर खाद्य दिया गया और रोज़मरे रेशन को दो भागों में विभजित करके 0900 घंटे को (40%) और 1600 घंटे को (60%) खिलाया गया। इस परीक्षण का परिणाम यह निकला कि *पी. मोनोडोन* के आहार में 40% मत्स्यचूर्ण का किण्वित सोयाबीन चूर्ण से प्रतिस्थापन ने किशोर पुलि चिंगट की बढती पर विचारणीय प्रगति दर्शायी और 60% तक मत्स्यचूर्ण का प्रतिस्थापन चिंगटों की बढती या अतिजीविता पर नहीं प्रभावित था। लेकिन 60% के परे किण्वित सोयाबीन चूर्ण से प्रतिस्थापन का परिणाम आशावह नहीं था।

अशन परिक्षण II (42 दिवस)

जीवाण्विक किण्वित संघटक मिश्रण को 5, 15, 25 और 35% की मात्रा में उसी अनुपात के मत्स्य चूर्ण के स्थान पर जोड़कर क्रमशः एफ$_1$, एफ$_2$, एफ$_3$ और एफ$_4$ नाम के साथ चार परीक्षणात्मक आहारों (38% कच्चा प्रोटिन की दर पर) को रूपायित किया गया। जीवाण्विक किण्वित मिश्रित जोडे बिना 35% मत्स्यचूर्ण युक्त आहार को नियंत्रक के रूप में रख दिया गया। 50 ली धारिता के गोलाकार पेरप्लेक्स टैंक में 15 पीपीटी लवणता के 35 ली जल में अशन परीक्षण चलाए गए थे। प्रत्येक उपचार में *पी. मोनोडोन* पश्च डिम्भक के तीन रेप्लिकेट वर्गों को (प्रति टैंक 10 चिंगट, माध्य भारः 30 ± 0.09 कि ग्रा) नियंत्रक वर्गों के साथ निरंतर वातन युक्त एक बंद प्रणाली में रख दिया गया। जीवाण्विक किण्वित संघटक मिश्रण से 100% मत्स्यचूर्ण प्रतिस्थापन किये गए एफ$_4$ आहार देने पर चिंगट पश्चडिम्भक वर्गों ने अधिकतम वज़न (0.63 ± 0.03 ग्रा) दर्ज किया, जो अन्य आहारों और नियंत्रकों से खिलाने से प्राप्त वज़न से काफी ऊँचा ($P < 0.05$) था। उत्कृष्ट खाद्य परिवर्तन दर (एफ सी आर) (1.58), प्रोटिन दक्षता दर (पी ई आर) (1.71), दृष्ट प्रोटिन और वसा पचनीयता (क्रमशः 86.50 और 94.55) थे। जीवाण्विक किण्वित संघटकों के साथ आहारों का उच्च निष्पादन एस एस एफ द्वारा उत्पादन एनज़ाइमों से आसानी से उपलब्ध रूप में पोषकों का जीवाणु संपुष्ट महत्व की ओर इशारा करती है।

भारत में मान्नार की खाडी और पाकखाडी में हाल में देखी गयी गोरगोनिड संपदाएं

मोली वर्गीस, रानी मेरी जोर्ज और सी. काशिनाथन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम कैम्प

वर्णाभ समुद्री व्यंजन सदैव मानव का आकर्षण रहा है और सौंदर्यपरक कारणों से दुनिया भर इनका संग्रहण भी होता रहता है। गोरगोनिड्स में प्रोस्टाग्लानडिन्स की उपस्थिति और औषध निर्माण में इसका उपयोग देखे जाने पर भारत में इस संपदा का वाणिज्यिक विदोहन और अन्य देशों में निर्यात बढ गया। मान्नार की खाडी में उपस्थित इस संपदा पर सी एम एफ आर आइ द्वारा 1980-'87 के दौरान एक विस्तृत अध्ययन चलाया गया और इस पर कई लेखों का प्रकाशन भी हुआ था। इसी प्रकार एफ ओ आर वी सागर संपदा पर्यटन के दौरान संग्रहित कई नमूनों पर भी अध्ययन चलाया गया था।

इस संपदा के संरक्षण की अवश्यकता महसूस होने पर इस क्षेत्र से इसके विदोहन पर जुलाई 2001 से रोक डाला गया। इसलिए इस संपदा की उपलब्धता जानने के लिए 2006-07 के दौरान एक पनडुब्बा (डाइवर) की सहायता से मान्नार की खाडी बयोस्पियर रिसरव में नल्लतण्णी, क्रूसडी, पूमारिच्चान, पल्लिवासल, मानुली और मानुली पुट्टी द्वीप समूहों में और तोणीतुरै और मंडपम के बीच स्थित रीफ क्षेत्रों में और पाक खाडी में रामेश्वरम के निकट अधोजल सर्वेक्षण चलाया गया। इसके अलावा मान्नार की खाडी बयोस्पियर रिसरव में कीलाकरै, पाम्बन, कुन्डुगल और धनुष्कोटी अवतरण केंद्रों में और पाकखाडी में रामश्वरम, करयूर और शंखुमल अवतरण केंद्रों में मत्स्यन पोतों में आकस्मिकवश पकडे गए नमूनों पर भी अध्ययन किया गया।

इस अध्ययन के दौरान विभिन्न केंद्रों से गोरगोनिड की नौ जातियों को संग्रहित किए गए थे। ये हैं: *सबरगोरजिया सबेरोसा*, *प्लेक्सारोइडेस प्रीलोंगा*, *एकिनोम्यूरिसिया इन्डिका*, *एकिनागोरजिया रोटिकुलाटा*, *ई. कोम्प्लेक्सा*, *हेटीरोगोरजिया फ्लाबेल्लम*, *लेप्टोगोरजिया ऑस्ट्रालियेनसिस*, *जंकसेल्ला जंकसिया* और *गोरगोनेल्ला अंब्राकुलम* (चित्र 1-9)। ये नौ जातियाँ ऑडर गोरगोनेसिया के अधीन आठ जेनीरा, पाँच कुल और दो उप ऑडर की होती हैं।

ऊपर संसूचित नौ जातियाँ विभिन्न स्थानों से थीं जिनका वितरण पैटर्न सारणी 1 में दिया गया है।

सारणी 1. विभिन्न केंद्रों में गोरगोनिडों का वितरण

क्र. सं.	जातियाँ/ स्थान	नल्लतण्णि द्वीप	कीलाकरै	पाम्बन	कुंडुगल	क्रूसदी द्वीप	धनुष्कोटी	शंखुमल	रामेश्वरम	करयूर
		N09° 6.61´ E78° 35.13´	N09° 13.66´ E78° 47.17´	N09° 16.99´ E79° 12.65´	N09° 15.49´ E79° 13.29´	N09° 15.05´ E79° 12.80´	N09° 12.00´ E79° 22.81´	N09° 17.69´ E79° 19.61´	N09° 16.87´ E79° 18.91´	N09° 16.55´ E79° 19.00´
1	*सबरगोरजिया सबेरोसा*	+	–	–	+	+	–	+	+	+
2	*प्लेक्सॉरोइड्स प्रीलोंगा*	–	+	–	–	–	–	–	–	–
3	*एकिनोम्यूरिसिया इन्डिका*	+	+	+	+	–	+	–	–	–
4	*एकिनोगोरजिया रेटिकुलाटा*	–	+	–	–	–		–	–	–
5	*एकिनोगोरजिया कोम्प्लेक्सा*	–	+	–	–	–	–	–	–	–
6	*हेटीरोगोरजिया फ्लाबेल्लम*	+	–	–	–	–	–	–	–	–
7	*लेप्टोगोरजिया ऑस्ट्रालियेनसिस*	–	+	–	+	–	–	–	–	+
8	*जंकसेल्ला जकसिया*	+	–	–	–	+	–	–	+	–
9	*गोरगोनेल्ला अम्ब्राकुलम*	–	+	–	–	–	–	–	–	–



चित्र-1. *सबरगोरजिया सबेरोसा*



चित्र-2. *प्लेक्सॉरोइड्स प्रीलोंगा*



चित्र-3. *एकिनोम्यूरिसिया इन्डिका*



चित्र-4. *एकिनोगोरजिया रेटिकुलाटा*



चित्र-5. *एकिनोगोरजिया कोम्प्लेक्सा*



चित्र-6. *हेटीरोगोरजिया फ्लाबेल्लम*



चित्र-7. *लेप्टोगोरजिया ऑस्ट्रालियेनसिस*



चित्र-8. *जंकसेल्ला जंकसिया*



चित्र-9. *गोरगोनेल्ला अम्ब्राकुलम*

सारणी से यह व्यक्त होता है कि *सबरगोरजिया सबेरोसा* अधिकांश केंद्रों में उपलब्ध है। पूमारिच्चान, पल्लिवासल, मानुलीपुट्टी और मानुली मान्नार की खाडी बयोस्पीयर द्वीप समूहों में और तोणितुरै और मंडपम के बीच के रीफ क्षेत्रों में 3-5 मी के उथले जलक्षेत्रों में गोरगोनिड्स नहीं देखे गए थे। इसलिए गोरगोनिड संपदाओं की उपलब्धता और परिमाणन पर विश्वसनीय निष्कर्ष के लिए स्कूबा डाइवरों की सहायता लेकर गहरे जलक्षेत्रों में जाँच करना अनिवार्य है।

चेन्नई तट से धारीदार क्षिप्रमीन (बोनिटो) *सार्डा ऑरिएन्टालिस* (टेमिंक और स्क्लीजेल 1842) किशोरों की पकड

एच.एम. कासिम, एस. मोहन, एस. राजपाकियम और एस. राजन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई

उष्णकटिबंधी और उपोष्णकटिबंधी जलक्षेत्रों की प्रमुख प्रवासी मात्स्यिकी संपदा होने की दृष्टि में ट्यूनाओं की गतियों को सदा परिवर्ती सागरीय पर्यावरण द्वारा नियंत्रित किया जाता है। भारत में इनकी पकड प्रमुखतः कांटा डोरों, यंत्रीकृत गिलजालों और आनायकों द्वारा की जाती है और कभी कभी परंपरागत यानों द्वारा प्रचालित छोटी जलाक्षि के संभारों में भी ये पकडी जाती है।

साधारणतया *यूथन्नस अफिनिस*, *ऑक्सिस थासार्ड*, *काट्सुवोनस पेलामिस*, *थन्नस अल्बाकारस* और *टी. टोंगोल* का अवतरण यंत्रीकृत गिलजाल, कांटा डोर और आनायजाल द्वारा और विरल मात्रा में धारीदार बोनिटो *सार्डा ऑरिएन्टालिस* के किशोरों को फाइबर ग्लास नावों और कट्टमरम द्वारा प्रचालित देशी संभारों में अवतरण किया जाता है। पहली बार *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोरों की उपस्थिति चेन्नै

सारणी 1. अन्य पकडों के साथ *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोरों के अवतरण किए गए देशज संभारों का नाम

संभारों का नाम	संभारों का प्रकार	प्रमुख मात्स्यिकी
कवालवलै	गिलजाल	लेस्सर सारडीन्स, थ्रिस्सा,
पन्नुवलै	”	बाँगडा, कैरांक्स, गोट मछली,
तट्टकावलावलै	”	*सिपसेल्यूरस* जाति,
कोलवलै	”	साइनोग्लासस,
नाक्कुवलै	”	तारली, मल्लेट और *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोर
इडावलै	बैग जाल	

सारणी 2. विभिन्न मत्स्यन गांवों में विविध संभारों द्वारा अवतरण किए गए *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोरों की पकड (कि ग्रा) और पकड दर (कि ग्रा)

केंद्र	संभार	अगस्त '06	सितंबर '06	अक्तूबर '06	कुल (कि ग्रा)	प्र प्र ए प्र (कि ग्रा)	%
आरंगनकुप्पम	इडावलै	-	1245	-	1245	8.7	0.6
	कोलवलै	720	16022	-	16742	28.4	59.3
	पन्नुवलै	-	2300	260	2560	7.3	35.1
	तट्टकावलावलै	-	-	7180	7180	55.2	71.5
काशिमेडु	पन्नुवलै	160	8011	822	8993	6.0	45.3
	कावलावलै	-	835	-	835	0.7	1.0
	कोलवलै	-	2820	-	2820	10.7	21.0
	इडवलै	-	478	-	478	3.5	0.2
	तट्टकावलावलै	88	4294	2083	6465	9.6	41.5
चिन्ननीलनकरै	पन्नुवलै	240	3500	-	3740	9.7	28.3
चिन्नांडिकुप्पम	पन्नुवलै	1716	2145	-	3861	7.8	55.7
	कुल	2924	41650	10345	54919		

सारणी 3. काशिमेडु में पन्नुवलै द्वारा अवतरण की गयी *एस. ऑरिएन्टालिस* का आकलित माहवार आकार वितरण

आकार रैंच	अगस्त 06	सितंबर 06	अक्तूबर 06	कुल (%)
110-119	1111	-	-	1111
120-129	3333	-	-	3333
130-139	889	-	-	889
140-149	222	-	-	222
150-159	-	25842	-	25842
160-169	-	34456	648	35104
170-179	-	43070	1620	44690
180-189	-	21535	3888	25423
190-199	-	4307	1944	6251
200-209	-	-	972	972
210-219	-	-	648	648
नमूनों की संख्या	50	30	30	110



एस. ऑरिएन्टालिस की किशोर मछलियाँ

तट पर प्रचालित छोटी जलाक्षियुक्त गिलजालों जैसे कावालवलै (20 मि मी), पन्नुवलै (25 मि मी), तट्टकावलावलै (30 मि मी), कोलवलै (10 मि मी) और इडवलै (20 - 60 मि मी) में देखी गयी थीं। जब देशज संभारों द्वारा सारणी - 1 में दिखायी गयी मछलियों का अवतरण हुआ था, *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोरों का अवतरण भी 2006 अगस्त - अक्तूबर के दौरान चेन्नई के उत्तर भाग में आरंगनक्प्पम, काशिमेडु और दक्षिण भाग में स्थित चिन्ननीलनकरै और चिन्नांडिकुप्पम में देखा गया था (सारणी - 2)।

तमिल में वैल्लरासुरा कहलानेवाली *एस. ऑरिएन्टालिस* के किशोरों की उपस्थिति 2006 अगस्त के दूसरे हफ्ते से 2006 अक्तूबर के दूसरे हफ्ते तक देखी गयी थी। 2006 अगस्त (2.9 टन), सितंबर (41.6 टन) और अक्तूबर (10.3 टन) महीनों के दौरान लगभग 54.9 टन की पकड का अवतरण किया गया था। विभिन्न संभारों के प्रचालन किए गए आरंगनकुप्पम और काशिमेडु में लगभग 47.3 ट (86.2%) का अवतरण हुआ था। जब कि चिन्नांडिकुप्पम और चिन्ननीलांकरै जहां केवल पन्नुवलै का प्रचालन किया गया था, *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोरों का अवतरण केवल 7.6 टन था। *ई. अफिनिस* के कुछ किशोरों को भी *एस. ऑरिएन्टालिस* के साथ देखा गया था।

काशिमेडु में पन्नुवलै द्वारा अवतरण किए गए *एस. ऑरिएन्टालिस* किशोरों की लंबाई 110 और 219 मि मी के रैंच में और भार 15 से 110 ग्रा के रैंच में देखा गया था (सारणी - 3)। अगस्त में देखे गए 110-149 मि मी आकर की किशोर मछलियाँ बढकर सितंबर में 150-199 मि मी और अक्तूबर में 160-219 मि मी हो गयी थी। माध्य आकार 120-129, 170-179 और 190-199 मि मी थे। अधिकतर मछलियों के पेट खाली थे।

एस. ऑरिएन्टालिस पकड को अवतरण केंद्र में प्रति कि ग्रा 30-40 रु में बेच दिया गया। भारी पकड के दौरान अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए पकड को काशिमेडु अवतरण केंद्र में ले जाता है। अधिकतर पकड को स्थानीय उपभोग के लिए उपयोग किया गया था।

मुंबई के जलक्षेत्रों से तीन उडन मीन जातियाँ

न्यू फेरी वार्फ में दिनांक 26-5-07 को आनायक द्वारा उडन मीन के एक झुण्ड का अवतरण किया गया। कुल पकड का भार लगभग 50 कि ग्रा था।

उष्टकटिबंधीय इंडियन ऑशियन में प्रचुरमात्रा में वितरित है, लेकिन रेड सी और गेल्फ में उपस्थित नहीं है। अट्लान्टिक और पश्चिमी पसफिक सागरों में भी ये पायी जाती है।

प्लेट 3. *हिरुण्डिक्थिस ऑक्सिसेफालस (ब्लीकर, 1852)*



प्लेट 1. *कीलियोपोगोन नाइग्रिकानस (बेन्नेट, 1840)*



प्लेट 2. *कीलियोपोगोन सट्टोनी (वाइट्ली और कोलोफाक्स)*

कुल पकड में 70% *एच. ऑक्सिसेफालस* और शेष *सी. सट्टोनी* (25%) और *सी. नाइग्रिकानस* (5%) थीं। पकड को स्थानीय बाज़ार में प्रति कि ग्रा 30/- रु पर बेच दिया गया।

उडम मीन उष्णकटिबंधीय वेलापवर्ती मछली है और ये आहार की तलाश में उथले जलक्षेत्रों की ओर प्रवास करती है। अवतरण के एक हफ्ते पहले समुद्र बहुत ही बिक्षुब्ध थी। बिक्षुब्धता में गहरे तलों से प्लवकीय उत्पादों सहित पोषक वस्तु ऊपर आ जाती है। इसलिए यह स्थिति हुई होगी।

एस.डी. काम्बले, सुजित सुन्दरम, मिरियम पॉल श्रीराम और जे.डी. सारंग

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

चेन्नै में थ्रेशर सुराओं का अवतरण

चेन्नई स्थित काशिमेडु अवतरण केंद्र में 12-7-07 को गिल जालों में थ्रेशर सुरा *आलोपियास पेलाजिकस* के छह नमूनों (चार नर और 2 मदाएं) का अवतरण हुआ था। सुराओं के लंबाई रैंच 243-294 से मी और भार रैंच 50-60 कि ग्रा थे।

शोभा जो किष्कूडन, एस. राजपाकियम और एस. राजन

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई

महाराष्ट्र में कोथ *ओटोलिथोइड्स बयारिटस* (कान्टर, 1850) का असामान्य भारी अवतरण

ताने जिले में स्थित अरनाला अवतरण केंद्र महाराष्ट्र के प्रमुख यंत्रीकृत अवतरण केंद्रों में एक है जहां से लगभग 375 डोल जाल प्रचालकों द्वारा एकल दिवसीय और बहु-दिवसीय प्रचालन हो रहा है। एकल दिवसीय मत्स्यन एककों का जलाक्षि आकार 15 से 25 मि मी रैंच में छोटा होता है जिनको *डोलकार* कहलाता है। बहु - दिवसीय मत्स्यन एकक जाल 60 से 70 मि मी रैंच के बडे जलाक्षि आकार का होता है जिसका स्थानीय नाम है *पापलेट जाल/कारली जाल*। दिनांक 19-10-2006 को एक बहुदिवसीय डोल प्रचालक ने 2810 कि ग्रा कोथ, *ऑटोलिथोइड्स बयारिटस* का अवतरण किया।

डी.जी. जादव और सी.जे. जोस्कुट्टी

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

कर्नाटक से पिग आइ सुरा *कारकारिनस अम्बोयेनसिस* (मुल्लर और हेनले, 1839) पर प्रथम रिकार्ड

पिग आइ सुरा *कारकारिनस अम्बोयेनसिस* (मूल्लर हेनले, 1839) ऊपरी तल से 150 मी तक लैट्टियूड 26^0N और 26^0S के बीच उष्णकटिबंधीय जलक्षेत्रों में देखे जानेवाला शांत सुरा है।

दिनांक 4-11-06 को मांगलूर में 60-80 मी की गहराई में प्रचालित एक आनायक में एक पिग आइ सुरा पकडा गया। कर्नाटक जलक्षेत्र से इस जाति की उपस्थिति पहली बार रिपोर्ट की जाती है।

500 कि ग्रा के इस सुरा की कुल लंबाई 2 मी थी। यह नमूना गर्भवती थी जिसको रात्रि मत्स्यन के दौरान पकडी गयी थी। इसका शारीरिक अभिलक्षण नीचे की सारणी में दिया गया है।

सारणी: मांगलूर मात्स्यिकी पोताश्रय में अवतरण की गयी *सी. अम्बोयेनसिस* के शारीरिक अभिलक्षण

शारीरिक अभिलक्षण	मापन (से मी)
कुल लंबाई	200
प्रथम पृष्ठ पख की लंबाई	47
दूसरे पृष्ठ पख की लंबाई	19
श्रोणी पख की लंबाई	41
गुद पख की लंबाई	20
पुच्छ पख की लंबाई	38
अंस पख आधार की लंबाई	27
पृष्ठ पख I आधार की लंबाई	39
पृष्ठ पख II आधार की लंबाई	16
गुद पख आधार की लंबाई	13
श्रोणी पख आधार की लंबाई	15
अन्तरा नासारंद्र दूरी	22
प्रोथ से प्रथम पृष्ठ पख तक की दूरी	93
प्रोथ से अंस पख तक की दूरी	66
प्रथम पृष्ठ पख से अग्र तक	12
द्वितीय पृष्ठ पख से पुच्छ पूर्व तक	22
नेत्र व्यास	2.5
क्लोम छिद्र I	29
क्लोम छिद्र V	11
क्लोम छिद्र से प्रोथ तक	15
	53

सुजिता तोमस, एस. जी. राजे, चेन्नप्पा गौडा. एन, अप्पय्या नाइक, ए. और एस. केम्पराजु

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का माँगलूर अनुसंधान केंद्र, माँगलूर

चेन्नई तट से दूर गभीर सागर क्षेत्र से विरल क्रानगोनिड चिंगट *पोन्टोकारिस लाज़ेई* की प्रथम रिकार्ड

चेन्नई में 26-10-2006 को 150-200 मी की गहराई रैंच में प्रचालित आनायकों से विरल देखे जानेवाला एवं कठोर कवच चिंगट जान्नेवाला चिंगट *पोन्टोकारिस लाजेई* का एक मादा नमूना प्राप्त हुआ।

इस नमूने की कुल लंबाई 36 मि मी और पृष्ठवर्म लंबाई 12 मि मी थी। देखे गये प्रमुख अभिलक्षण इस प्रकार हैं: वृत्ताकार तूंड (रोस्ट्रम); पृष्ठ वर्म पर काटों की तीन पंक्तियाँ; पृष्ठ वर्म के पार्श्वीय बोर्डर पर चार काँटे; प्रथम ओर द्वितीय उदरीय खंड नुकीला कटक के साथ जो एक काँटे के रूप में रूपांतरीत; तीसरा और चौथा खंड एक नुकीला कटक के साथ, पाँचवाँ और छठा खंड दो कटकों के साथ; नोकदार पुच्छखंड *पशपांतपाद* से कुछ छोटा। चेन्नई तट में इस नमूने पर यह प्रथम रिकार्ड है। इसके पहले मारक्युसास (फ्रेंच पोलिनेसिया) से 300 मीटर की गहराई से इस नमूने की प्राप्ति रिकार्ड की गयी है।

एस. लक्ष्मी पिल्लै और पी. तिरुमिलु

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई

मुंबई के सासून डोक में गिल जाल प्रचालकों द्वारा डोल्फिन मछली (*कोरिफीना हिप्पूरस*) का भारी अवतरण

सासून डोक में दिनांक 15-11-06 को गिल जाल प्रचालकों में *सी. कोरिफीना हिप्पूरस* की भारी पकड प्राप्त हुई, जो लगभग 9820 कि ग्रा थी। यह पकड मुंबई से लगभग 60-70 कि मी दूर स्थित जंजिर मुरड से 80-120 मि मी जलाक्षि आयाम के ऊपरीतल ड्रिफ्ट जालों के प्रचालन करने वाले 3 गिल जाल प्रचालकों द्वारा किये गये 4 दिनों के मत्स्यन से प्राप्त हुई थी और मत्स्यन तल की गहराई 40-50 मी थी। पकड में किशोर मछलियाँ अनुपस्थित थीं। कुल पकड को एक व्यापारी को 3,53,520/- रु में निलाम कर दिया गया।

मोहनन ए.एन*,सी.जे. जोसकुट्टी, सुजित सुन्दरम और डी.जी. जादव

* *केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन*

केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मुंबई अनुसंधान केंद्र, मुंबई

चेन्नई में गिल जाल द्वारा नील और पीत कलवा *एपिनेफेलस फ्लावोसीरुलियस* की पकड - एक टिप्पणी

चेन्नई मात्स्यिकी पोताश्रय में 18-7-2007 को किए गए नेमी साप्ताहिक निरीक्षण के समय 30 मी की गहराई में प्रचालित एक यंत्रीकृत गिल जाल के अवतरणों में नील और पीत कलवा *एपिनेफेलस फ्लावोसीरुलियस* के एक नमूने को देखा गया।

लक्षद्वीप द्वीप समूहों, भारत के पश्चिम तट और आन्डमान और निकोबार द्वीप समूहों से इसकी उपस्थिति रिपोर्ट करने पर भी भारत के पूर्वीय तट में इसकी उपलब्धता एवं प्रचुरता पर कहने योग्य सूचना नहीं है। 2006 सितंबर में मान्नार की खाडी में आप्पा द्वीप के आस पास से एक ट्राप में इस प्रकार के एक नमूना की पकड रिपोर्ट की गयी है। चेन्नई के वाण्ज्यिक मछली अवतरणों में इस नमूने की उपस्थिति पर यह पहली रिपोर्ट है।



चेन्नई में गिल जाल द्वारा अवतरण की गयी *एपिनेफेलस फ्लावोसीरुलियस*

शोभा जो किष्कूडन और एस. राजपाकियम
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मद्रास अनुसंधान केंद्र, चेन्नई

तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित पाम्बान में *सारडिनेल्ला लोंगिसेप्स* का असाधारण अवतरण

पाक खाडी में तंगच्चिमडम के निकट 9-5-07 को 10 मीटरों की गहराई में प्रचालित एकल चूड वलै एकक में 1200 कि ग्रा *सारडिनेल्ला लोंगिसेप्स* का अवतरण हुआ था। जाल का प्रचालन आन्तरी इंजन लगाए गए एक नाव से तट से 5 कि मी की दूर 3 कार्मिकों की सहायता से किया गया था। अवतरण की गयी *सारडिनेल्ला लोंगिसेप्स* की लंबाई रैंच 12-13 से मी की माध्य लंबाई के साथ 11-17.5 से मी में था। 50% मछलियाँ 12-13 से मी लंबाई की थी। एक मछली का भार लगभग 9 ग्रा था।

दिनांक 9-5-2007 को प्रचालित 32 चूड वलै एककों में से चार में *सारडिनेल्ला लोंगिसेप्स* का भारी अवतरण देखा गया और इन में अन्य तारलियों का योगदान नगण्य था। शेष तारली गिल जाल एककों की पकड *सारडिनेल्ला गिब्बोसा*, *एस. आल्बेल्ला*, *एस. लोंगिसेप्स*, *उपेनस जातियाँ*, *पेल्लोना डिट्चेला*, *थ्रिस्सा जातियाँ*, *स्टोलेफोरस कर्मेसोनी*, *डस्सुमिरिया एक्यूटा* और *स्फिरेनिया ओब्ट्युसाटा* का मिश्रण था जिसमें 95% *एस. गिब्बोसा* और *एस. आल्बेल* का योगदान था।

मोली वर्गीस, सी. काशिनाथन और पी. विल्लन
केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान का मंडपम क्षेत्रीय केंद्र, मंडपम

सी एम एफ आर आइ 'समुद्री मात्स्यिकी प्रबन्धन' में एक राष्ट्रीय स्तर का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करता है। कोर्स की अवधी तीन महीने हैं। योग्यता: विज्ञान में स्नातक उपाधि एवं अंग्रेज़ी में कार्यसाधक ज्ञान। शुल्क : 15000 -रु.। होस्टल का प्रबन्धन सी एम एफ आर आइ द्वारा किया जाएगा। प्रथम बैच अगस्त 2008 के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ करने की प्रत्याशा है।